# मध्यप्रदेश विधान सभा

# की

# कार्यवाही

(अधिकृत विवरण)

---

पंचदश विधान सभा षष्टम सत्र

मार्च, 2020 सत्र

मंगलवार, दिनांक 24 मार्च, 2020

(4 चैत्र, शक संवत् 1942)

[खण्ड- 6 ] [अंक- 1]

---

# मध्यप्रदेश विधान सभा

मंगलवार, दिनांक 24 मार्च, 2020

(4 चैत्र, शक संवत् 1942)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुई.

{मा. अध्यक्ष श्री नर्मदाप्रसाद प्रजापति एवं उपाध्यक्ष सुश्री हिना लिखीराम कांवरे द्वारा त्यागपत्र देने के फलस्वरूप सभापति महोदय (श्री जगदीश देवड़ा) पीठासीन हुए.}

## राष्ट्रगीत "वन्दे मातरम्" का समूह गान

सभापति महोदय -- अब, राष्ट्रगीत "वन्दे मातरम्" होगा. सदस्यों से अनुरोध है कि वे कृपया अपने स्थान पर खड़े हो जाएं.

**(माननीय सदस्यों द्वारा राष्ट्रगीत "वन्दे मातरम्" का समूह गान किया गया.)**

11.01 बजे **बधाई एवं शुभकामनाएं**

## मुख्यमंत्री चुने जाने पर सदन के नेता माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान जी को बधाई एवं शुभकामनाएं

सभापति महोदय -- सर्वप्रथम मैं प्रदेश के मुख्यमंत्री चुने जाने पर सदन के नेता माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान जी को हार्दिक बधाई देता हूं तथा उनके सफलतापूर्वक दायित्व निर्वहन के लिये उन्हें शुभकामनाएं देता हूं.

11.02 बजे **विशेष उल्लेख**

**देश एवं प्रदेश में कोरोना वायरस संक्रमण की महामारी एवं सरकार द्वारा उठाये गये कदम**

मुख्यमंत्री (श्री शिवराज सिंह चौहान) -- माननीय सभापति महोदय, आज पूरी दुनिया, देश और देश के साथ-साथ हमारा प्रदेश कोरोना वायरस संक्रमण की महामारी से जूझ रहा है. हम सबका भी यह परम कर्तव्य है कि इस महामारी को परास्त करने, लड़कर इसको समाप्त करने में हम अपनी संपूर्ण क्षमता लगायें. मध्यप्रदेश में भी जबलपुर और भोपाल दो जगहों पर पॉजिटिव केस मिले हैं और हमने कल ही शपथ ग्रहण के बाद रात में ही वल्लभ भवन में बैठकर करके दोनों स्थानों पर कर्फ्यू लगाने का फैसला किया है. 36 शहरों में लॉकडाउन है, मैं आपके माध्यम से और इस सदन के माध्यम से जनता जनार्दन से अपील करना चाहता हूं कि कोरोना संक्रमण को रोकने का एकमात्र प्रभावी उपाय है संपर्क की कड़ियों को तोड़ना. मेरी जनता जनार्दन से अपील है कि अपने आपको बचाने, अपनो को बचाने इस महामारी का नियंत्रित करने के लिये कृपया करके वह अपने घरों में रहें. कष्ट और तकलीफ हो सकती है, लेकिन इसके अलावा और कोई उपाय नहीं है. कोरोना वायरस संक्रमण से निपटने का हरसंभव उपाय सरकार करेगी.

मैं माननीय सदस्यगणों से भी निवेदन करता हूं कि आप भी अपने प्रभाव का उपयोग करके जनता को एज्युकेट कीजिये, फोन से जनता के संपर्क में रहिये और जनता को यह विश्वास दिलाइये कि संकट है, लेकिन इससे निपटने में हम लोग सक्षम है. हम कोरोना वायरस से लड़ेंगे और जीतेंगे, हर हाल में हम जीतेंगे **( मेजों की थपथपाहट)** लेकिन कुछ सावधानियां जरूरी है और इसके लिये कुछ कड़े कदम भी उठाने पड़ेंगे, उन कदमों को

जनता का समर्थन मिले, सहयोग मिले. मुझे खुशी है कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्रीमान् नरेन्द्र मोदी जी ने दिनांक 22 तारीख को 'जनता कर्फ्यू' का आह्वान किया, जिससे सारी सड़कें सुनी हो गईं. प्रधानमंत्री जी के पीछे पूरा देश खड़ा हो गया था. दुनिया में शायद ही किसी नेता के पीछे पूरा देश खड़ा होता है, यह इसका एकमात्र उदाहरण होगा. उन्होंने आह्वान किया कि 5 बजे ताली, थाली एवं शंख बजाएं तो ताली, थाली और शंखों की अनुगूंज से पूरे देश का आसमान गुंजायमान हो गया और दुनिया आश्चर्यचकित होकर देखती रह गई कि कोई देश ऐसा भी है. मैं प्रधानमंत्री जी का अभिनंदन करता हूँ और उनके हर प्रयास में मध्यप्रदेश की जनता और यह सरकार उनके साथ रहेगी. मैं एक बार फिर अपने प्रिय प्रदेशवासियों से यह अपील करता हूँ कि संकट बड़ा है लेकिन आप सबके सहयोग से इस संकट का मुकाबला करेंगे और इस महामारी को परास्त करेंगे. आज हमारे पास कोई और काम नहीं है, सर्वोच्च प्राथमिकता कोरोना वायरस संक्रमण से लड़ना है. मेरी सरकार की और हम सबकी भी यही प्राथमिकता है लेकिन एक संवैधानिक बाध्यता है. हमारी सरकार को महामहिम राज्यपाल महोदय ने 15 दिन के अन्दर विश्वास मत हासिल करने का निर्देश दिया था. हमने तय किया कि 15 दिन क्यों ? आज ही विश्वास मत हासिल करके कोरोना वायरस संक्रमण को समाप्त करने में पूरी ताकत के साथ जुट जाएं.(मेजों की थपथपाहट)

11.06 बजे

## विश्वास का प्रस्ताव

## श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री के नेतृत्व में गठित सरकार के प्रति विश्वास का प्रस्ताव.

मुख्यमंत्री (श्री शिवराज सिंह चौहान) - माननीय सभापति महोदय, मैं प्रस्ताव प्रस्तुत करता हूँ कि यह सदन मेरे नेतृत्व में गठित सरकार के प्रति विश्वास प्रकट करता है.(मेजों की थपथपाहट)

सभापति महोदय - प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ.

प्रश्न यह है कि "यह सदन श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री के नेतृत्व में गठित सरकार के प्रति विश्वास प्रकट करता है."

श्री गोपाल भार्गव - सम्पूर्ण सदन सर्वसम्मति से माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी के लिए अपनी सहमति देता है और उन्हें इस सदन का नेता होने का और राज्य के मुख्यमंत्री होने का अनुमोदन करता है.

डॉ. नरोत्तम मिश्र - सभापति महोदय, संख्या भी खुल जाये. जो 112 एवं 114 सदस्य उपस्थित हैं, एक बार खुल जाये. सर्वसम्मति से ही करें पर आसंदी से अगर व्यवस्था आ जाती है तो मैं समझता हूँ कि इसका संदेश भी जाता है.

सभापति महोदय - जो माननीय सदस्य इस प्रस्ताव के पक्ष में हों, वे कृपया "हां" कहें. जो माननीय सदस्य इस प्रस्ताव के विपक्ष में हों, वे कृपया "ना" कहें.

"हां" की जीत हुई. / "हां" की जीत हुई.

प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ (मेजों की थपथपाहट).

11.07 बजे

## स्वागत उल्लेख

## सांसद द्वय श्री वी.डी.शर्मा तथा श्री रमाकांत भार्गव का अध्यक्षीय दीर्घा में उपस्थित होने पर सदन द्वारा स्वागत उल्लेख.

सभापति महोदय - आज सदन की दीर्घा में माननीय सांसद श्री वी.डी.शर्मा तथा श्री रमाकांत भार्गव जी उपस्थित हैं. सदन की ओर से उनका स्वागत है. (मेजों की थपथपाहट)

सभापति महोदय-- विधानसभा की कार्यवाही शुक्रवार दिनांक 27 मार्च, 2020 को प्रात: 11.00 बजे तक के लिये स्थगित.

पूर्वाह्न 11.09 बजे विधानसभा की कार्यवाही शुक्रवार, दिनांक 27 मार्च, 2020 (7 चैत्र, शक संवत् 1942 ) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिये स्थगित की गई.

भोपाल. ए. पी. सिंह

दिनांक- 24 मार्च, 2020 प्रमुख सचिव,

मध्यप्रदेश विधान सभा.